# प्रयाग संगीत समिति

62वीं 2024

इलाहाबाद

(स्थापित -1926)

के तत्वावधान में
देशराज डा॰ मेजर रणजीत सिंह की स्मृति
में अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता

## प्रवेश फार्म एवं नियमावली

PRAYAG SANGIT SAMITI • ALLAHABAD •

**2024**

**62वी संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता**

6 जुलाई से 13 जुलाई 2024 तक

**85वाँ दीक्षान्त समारोह**

4 जुलाई 2024

**पुरस्कार वितरण**

14 जुलाई 2024

**स्थान**

**Prayag Sangit Samiti**
***12-C, Kamla Nehru Road,***
***Prayagraj-211001*, Mob.: 9455685196**
Website:- www.prayagsangitsamiti.co.in
Email :- prayagsangitsamiti secretary@gmail.com

# नियमावली

प्रतियोगिता दो भागों में होती है -

1. सामान्य . 2. विशिष्ट

(प्रतियोगी दोनों भागों में एक साथ भाग ले सकता है)

सामान्य वर्ग में बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिता अलग-अलग होती है इसकी आयु सीमा 25 वर्ष तक है।

विशिष्ट वर्ग में बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिता एक साथ होती है और इस की आयु सीमा 15 वर्ष से 30 वर्ष तक है।

इलाहाबाद के बाहर से आये प्रतियोगियों को रहने का स्थान निःशुल्क "प्रथम आगत प्रथम स्वागत" के आधार पर दिया जाता है।

तीन बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले उसी वर्ग एवं विषय में पुनः भाग नहीं ले सकेंगे।

फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2024 है।

## !! सामान्य एवं विशिष्ट वर्ग के नियम!!

**(विशिष्ट वर्ग के कुछ नियम एवं जानकारी आगे पृष्ठ में भी है)**

1. सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में आयु की दृष्टि से निम्न वर्ग होंगे-

| | | |
|---|---|---|
| 8 वर्ष तक के प्रतियोगी | - | 'अ' वर्ग |
| 8 वर्ष से 12 वर्ष तक के प्रतियोगी | - | 'ब' वर्ग |
| 12 वर्ष से 16 वर्ष तक के प्रतियोगी | - | 'स' वर्ग |
| 16 वर्ष से 20 वर्ष तक के प्रतियोगी | - | 'द' वर्ग |
| 20 वर्ष से 25 वर्ष तक के प्रतियोगी | - | 'ह' वर्ग |

2. सामान्य वर्ग में प्रतियोगी चार विषयों में भाग ले सकता है। प्रत्येक विषय का फार्म एवं शुल्क अलग-अलग देय होगा।
3. प्रवेश शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
4. सामान्य वर्ग की किसी भी प्रतियोगिता में उस ग्रुप में कम से कम तीन प्रतियोगी होना चाहिये अन्यथा उस ग्रुप की प्रतियोगिता नहीं होगी एवं उनका शुल्क वापस कर दिया जायेगा।

### सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता के विषय

### ।। कण्ठ संगीत ।।

| | | |
|---|---|---|
| ख्याल गायन, भजन, गीत-गजल | - | (सभी वर्ग हेतु) |
| ध्रुपद-धमार, ठुमरी-दादरा | - | (केवल स, द, ह वर्ग हेतु) |

## ।। तन्त्र एवं सुषिर वाद्य ।।

गिटार, सिंथसाइज़र (सभी वर्ग हेतु)

बाँसुरी, शहनाई, सितार, सारंगी, वाइलिन (केवल स, द, ह वर्ग हेतु)

एवं अन्य प्राचीन वाद्य यंत्र (फार्म पर नाम लिखें)

## ।। ताल वाद्य ।।

तबला, पखावज-मृदंग (सभी वर्ग हेतु)

## ।। नृत्य ।।

कथक, भरत नाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी (सभी वर्ग हेतु)

नोट:- कथक नृत्य को छोड़कर अन्य सभी शास्त्रीय नृत्यों में सी.डी./पैन ड्राइव/डी.वी.डी. का प्रयोग हो सकता है। कथक नृत्य में सी.डी./पैन ड्राइव/डी.वी.डी. पूर्णतया वर्जित है।

**शुल्क:-** सामान्य वर्ग - रु0 800/- प्रति फार्म

विशेष वर्ग - रु0 1500/- प्रति फार्म

नोट:- (1) इलाहाबाद के प्रतियोगी शुल्क नकद जमा करें।

(2) इलाहाबाद से बाहर के प्रतियोगी केवल बैंक ड्राफ्ट द्वारा ही शुल्क भेजें। बैंक ड्राफ्ट "रजिस्ट्रार, प्रयाग संगीत समिति" के नाम से भेजें, जो कि इलाहाबाद में देय हो।

डाक द्वारा फार्म भेजने का पता:-

(1) देवेन्द्र कुमार सिंह
मुख्य प्रभारी, संगीत प्रतियोगिता
100, अशोक नगर, इलाहाबाद - 211001
मो0- 9455685196

(2) प्रदीप कुमार
रजिस्ट्रार/प्रभारी, संगीत प्रतियोगिता
प्रयाग संगीत समिति
12-सी कमला नेहरू रोड, इलाहाबाद - 211001

5. भजन/गीत/गजल का समय सभी वर्गों में 5 मिनट होगा।

6. हारमोनियम/इलेक्ट्रानिक वाद्य यन्त्र का प्रयोग केवल स्वर देने के लिये मान्य होगा। संगत के लिये इसका प्रयोग वर्जित है।

7. पुरस्कारों की संख्या बढ़ाने का निर्णय कमेटी का होगा। सफल प्रतियोगियों को एक नटराज एवं प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

8. प्रतियोगिता फार्म के साथ आयु प्रमाण-पत्र एवं शुल्क जमा करना आवश्यक है। अन्यथा उन्हें प्रतियोगिता से वंचित कर दिया जायेगा।

9. प्रतियोगी को कम से कम 60 प्रतिशत अंक पाने पर ही पुरस्कार दिये जायेंगे ।

10. प्रतियोगिता के परिणाम के सम्बन्ध में निर्णायकों का निर्णय ही अन्तिम होगा। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की चुनौती स्वीकार नहीं होगी। इसके विरुद्ध किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है ।

11. अपनी प्रतियोगिता की तिथि व समय की जानकारी प्रतियोगिता तिथि से 15 दिन पूर्व निम्नलिखित नं0 पर प्राप्त करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) देवेन्द्र कुमार सिंह | - 09455685196 | (2) नवीन चन्द्र | - 09450613978 |
| (3) प्रभाकर दयाल | - 09208567915 | (4) महेश्वर दयाल | - 07905885424 |
| (5) सुनील कुमार गुप्ता | - 09335162690 | (6) अनिल कुमार सिंह | - 09935946993 |
| (7) संजीव किशोर | - 09889061847 | (8) सुनील कुमार मिश्रा | - 09918366889 |
| (9) ललित कुमार कुशवाहा | - 09454350600 | (10) अनिल कुशवाहा | - 06393878946 |

12. किसी प्रकार के विरोध हेतु, विरोध पत्र के साथ रु0 1000/- जमा करना होगा परन्तु कमेटी का निर्णय अंतिम होगा । विरोध उचित पाये जाने पर राशि वापस कर दी जायेगी ।

13. व्यवसायिक रिकार्डों में गाये गीत, भजन, गजल को उसी धुन में गाने की अनुमति नहीं होगी । ठुमरी/दादरा में मान्य होगा।

14. आयु निर्धारण तिथि 30 मार्च 2024 मानी जायेगी ।

**अत्यन्त विशेषः-**

15. सामान्य वर्ग के सभी विषयों एवं वर्गों के प्रतियोगियों का नाम बुलाने पर उन्हें तुरन्त मंच पर आना होगा ।

16. अनुपस्थित प्रतियोगियों को पुनः इस वर्ग की प्रतियोगिता समाप्त होने पर बुलाया

## !! विशिष्ट वर्ग के कुछ अन्य नियम!!

1. विशिष्ट वर्ग की आयु सीमा 15 वर्ष से 30 वर्ष तक है । विशेष आग्रह पर कमेटी न्यूनतम आयु सीमा कम कर सकती है।

2. संगत हेतु इलेक्ट्रॉनिक तबला, पखावज वर्जित है। केवल तानपुरा एवं हारमोनियम का प्रयोग स्वर देने हेतु किया जा सकता है।

3. **प्रतियोगिता के विषयः -**

| प्रतियोगिता के विषयः | | प्रतियोगिता दिनांक |
|---|---|---|
| (अ) तन्त्र / सुषिर वाद | - | 30 मार्च 2024 |
| (ब) ख्याल (शास्त्रीय गायन) | - | 1 अप्रैल 2024 |
| (स) तबला | - | 2 अप्रैल 2024 |
| (द) पखावज | - | 3 अप्रैल 2024 |
| (ह) भरतनाट्यम | - | 4 अप्रैल 2024 |
| (य) कथक नृत्य | - | 5 अप्रैल 2024 |
| (र) सुगम संगीत | - | 6 अप्रैल 2024 |

4. विशेष वर्ग के प्रत्येक विषय मे कम से कम पांच प्रतियोगियों का होना आवश्यक है। अन्यथा प्रतियोगिता नही होगी एवं प्रवेश शुल्क लौटा दिया जायेगा।

5. मंच प्रदर्शन के लिए प्रतियोगियों के क्रम तथा राग/ताल का निर्णय लाटरी द्वारा प्रतियोगिता के दिन निकाला जायेगा। समय की सूचना मंच से दी जायेगी। इसके लिये सभी प्रतियोगियो को जो इसमे भाग ले रहे है, मंच पर लाटरी हेतु उपस्थित रहना होगा अन्यथा लाटरी द्वारा राग/ताल व क्रम निकाल दिया जायेगा और उसे अन्तिम माना जायेगा।

6. विशिष्ट वर्ग के सभी प्रतियोगियो को अपनी प्रतियोगिता की तिथि पर अपनी उपस्थिति मंच पर दर्ज करानी होगी।

7. किसी भी परिवर्तन की जानकारी आपको मोबाइल या एस0एम0एस0 के द्वारा दी जायेगी।

8. प्रतियोगिता के समय बुलाने पर 2 मिनट मे मंच पर आना होगा अन्यथा प्रतियोगी अनुपस्थित माने जायेगे और इनकी प्रतियोगिता बाद मे नही होगी।

9. (अ) <u>तन्त्र/सुषिर वाद्य-</u> मे सभी प्रतियोगियों को **रागेश्री, मालकौंस, मधुवन्ती** मे से कोई एक राग जो लाटरी द्वारा निकाला जायेगा, उसे 20 मिनट बजाना होगा। इसके पश्चात् अपने पसन्द के किसी राग मे 10 मिनट धुन बजाना होगा।

(ब) **ख्याल (शास्त्रीय गायन)** मे **केदार, हेमन्त, बागेश्री** में से एक राग जो लाटरी द्वारा निकाला जायेगा, उसे सभी प्रतियोगियों को 20 मिनट मे एक बड़ा ख्याल व एक छोटा ख्याल गाना होगा। इसके पश्चात् 10 मिनट किसी भी राग में एक ठुमरी गाना होगा।

(स) <u>तबला-</u> प्रतियोगियों को सर्वप्रथम 20 मिनट तक तीन ताल प्रस्तुत करना होगा। तत्पश्चात् **झपताल, बसंत (9 मात्रा), रुपक ताल** में से लाटरी द्वारा निकाली गयी ताल 10 मिनट बजाना होगा।

(द) <u>पखावज-</u> प्रतियोगियों को सर्वप्रथम 20 मिनट तक चार ताल प्रस्तुत करना होगा। तत्पश्चात् **शिखर ताल, रूद्र ताल, धमार ताल** मे से लाटरी द्वारा निकाली गयी ताल 10 मिनट बजाना होगा।

(ह) <u>भरतनाट्यम-</u> के प्रतियोगियों को 20 मिनट आदि ताल एवं उसके बाद **तिल्लाना वरणम, अष्टपदी** मे जो ताल लाटरी द्वारा निकाली जायेगी, 10 मिनट नृत्य करना होगा।

(य) <u>कथक नृत्य-</u> के प्रतियोगियों को 20 मिनट तीन ताल एवं उसके बाद **पंचम सवारी, लक्ष्मी ताल (18 मात्रा), शूल ताल** में जो ताल लाटरी द्वारा निकाली जायेगी, 10 मिनट नृत्य करना होगा।

(र) <u>सुगम संगीत-</u> के प्रतियोगियों को **भजन (झपताल), गीत (अद्धा ताल), गजल** (रूपक ताल) मे प्रत्येक को लाटरी के द्वारा निर्धारित क्रम एवं निर्धारित ताल मे 5 से 7 मिनट के अन्दर समाप्त करना होगा। व्यवसायिक रिकार्डो मे गाये गीत, भजन एवं गजल को उसी धुन मे गाने की अनुमति नहीं होगी।

**<u>नोट:-</u> समिति द्वारा समय में परिवर्तन किया जा सकता है।**

10. विशिष्ट वर्ग के किसी भी विषय में पुरस्कार प्राप्त करने का न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत है।

11. प्रतियोगिता का समय/तिथि अत्यंत विशेष परिस्थिति में कम या बदला जा सकता है।

12. सभी विशिष्ट वर्ग के प्रथम पुरस्कार विजेता को एक गोल्ड मेडल और रु0 10,001/- एवं द्वितीय पुरस्कार विजेता को सिल्वर मेडल एवं रु0 6001/- नकद दिया जायेगा।

13. विशिष्ट वर्ग के प्रथम पुरस्कार विजेता के गुरु को पुरस्कार वितरण के दिन मंच पर सम्मानित किया जायेगा।

14. कथक नृत्य के प्रथम पुरस्कार विजेता को पंडित जियालाल स्मृति चालित रजत ट्राफी एवं उर्मिला कृष्ण मोहन श्रीवास्तव स्मृति एवं श्रीमती सरस्वती रानी जायसवाल एवं श्री माधव लाल जायसवाल की स्मृति में श्री अशोक जायसवाल द्वारा प्रदत्त सदैव चालित शील्ड प्रदान की जायेगी।

15. तन्त्र वाद्य में प्रथम पुरस्कार विजेता को शिव दुलारी नवल किशोर श्रीवास्तव स्मृति सदैव चालित एवं प्रो0 बनवारी लाल स्मृति चल वैजयन्ती (श्री शरन शंकर श्रीवास्तव एवं श्री बलराम सिंह द्वारा प्रदत्त) प्रदान की जायेगी।

16. तबला विशिष्ट वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को पं0 राम गोपाल मिश्र स्मृति सदैव चालित शील्ड (श्री भुवन प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रदत्त) एवं सुश्री रुक्मणी खन्ना द्वारा प्रदत्त प्रो0 लाल जी स्मृति चल वैजयन्ती तथा स्व0 लखन लाल भट्ट जी की स्मृति में शिष्य प्रभाकर दयाल द्वारा प्रदत्त चल वैजन्ती प्रदान की जायेगी।

17. गायन विशेष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को योगी राज स्व0 रवि शंकर स्मृति चल वैजयन्ती (उनकी पुत्री श्रीमती साधना आस्थाना द्वारा प्रदत्त) एवं स्व0 पं0 पी0डी0 विश्वकर्मा स्मृति सदैव चलित शील्ड (उनके पुत्र श्री महेश्वर दयाल द्वारा प्रदत्त) एवं श्री श्रीनारायण जी पूर्व कोषाध्यक्ष की स्मृति में पूर्व कोषाध्यक्ष श्री आदित्य नारायण जी द्वारा प्रदत्त सदैव चालित शील्ड प्रदान की जायेगी।

18. सुगम संगीत विशेष वर्ग में प्रथम पुरस्कार विजेता को श्री रमा शंकर श्रीवास्तव स्मृति चल वैजयन्ती (जो उनके शिष्यों द्वारा प्रदान की गयी है) प्रदान की जायेगी। स्व0 आदित्य राजवेदी की स्मृति में पिता डा0 पी0एस0 राजवेदी द्वारा स्मृति चिन्ह।

19. विशेष वर्ग में प्रथम पुरस्कार विजेता प्रतियोगिता में पुनः भाग नहीं ले सकते।

नोटः- रु0 10,000/-(दस हजार) की जमानत (Security) देने पर ही सदैव चालित रजत ट्रॉफियाँ प्रतियोगी को 15 दिन तक अपने पास रखने के लिए दी जायेगी।

20. प्रतियोगिता सम्बन्धित सभी पत्र-व्यवहार केवल प्रभारी, 62वीं अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता, प्रयाग संगीत समिति, 12-सी, कमला नेहरु रोड, इलाहाबाद से करने की कृपा करें।

**प्रतियोगिता प्रवेश-फार्म**

# प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद

(स्थापित -1926)

नोटा- ✓ फार्म का फोटो स्टेट भी मान्य होगा।
- ✓ फार्म भरने से पूर्व नियमावली अवश्य पढ़े।
- ✓ आयु प्रमाण-पत्र के बिना फार्म स्वीकार नही किये जायेंगे।
- ✓ प्रतियोगिता तिथि 30 मार्च 6 अप्रैल 2024 तक।
- ✓ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024।
- ✓ प्रस्थान करने से पूर्व प्रतियोगिता तिथि की जानकारी फोन द्वारा अवश्य निश्चित करे।

**फोटो**

विशेष वर्ग के प्रतियोगी एक फोटो अलग से नत्थी करें।

**प्रतियोगियों के वर्ग**

8 वर्ष तक वर्ग 'अ' - 16 वर्ष से 20 वर्ष तक वर्ग 'द'
8 से 12 वर्ष तक वर्ग 'ब' - 20 वर्ष से 25 वर्ष तक वर्ग 'ह'
12 से 16 वर्ष तक वर्ग 'स' -
**विशेष वर्ग - 15 वर्ष से 30 वर्ष तक**

**प्रवेश - शुल्क**

सामान्य वर्ग - रु0 800/-
विशिष्ट वर्ग - रु0 1500/-

✓ कोई भी प्रतियोगी चार विषय में भाग ले सकता है। प्रत्येक के लिये अलग-अलग फार्म एवं शुल्क लगेगा।

✓ सामान्य वर्ग मे बालक एवं बालिकाओं की प्रतियोगिता अलग-अलग होगी।

✓ सामान्य वर्ग के प्रत्येक ग्रुप में कम से कम तीन प्रतियोगी होना चाहिये एवं विशेष वर्ग मे पांच प्रतियोगी होना चाहिये। अन्यथा उस ग्रुप की प्रतियोगिता नहीं होगी और शुल्क वापस कर दिया जायेगा।

(1) नाम (हिन्दी में)..............................................

(अंग्रेजी में)..............................................

मोबाइल नं0-..............................................

(2) बालक/बालिका..............................................

(3) प्रतियोगिता का विषय..............................................

(4) जन्म तिथि एवं आयु..............................................

(5) उम्र के हिसाब से वर्ग अ/ ब/ स/ द/ ह/ विशेष / (सही वर्ग पर √ करें)।

(6) इलाहाबाद से बाहर के प्रतियोगियों के लिये -

बैंक ड्राफ्ट नं0-........................ रु0........................

(7) बैंक ड्राफ्ट, रजिस्ट्रार, प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद के नाम से बनेगा। (इलाहाबाद मे देय)

(8) पता............................................................................................................

.....................................................................................................................

पिन कोड नं0 ................................ मो0 नं0..........................................

(9) गुरू का नाम /मो0 नं0..............................................................................

(10) संगीत विद्यालय/शिक्षा संस्थान का नाम ..................................................

.....................................................................................................................

(11) पिता का नाम..........................................मो0 नं0...................................

(12) माता का नाम..........................................मो0 नं0...................................

(13) अभिभावक का नाम...................................मो0 नं0...................................

(14) <u>शहर से बाहर के प्रतियोगी फार्म निम्नलिखित पते पर भेजें</u> -

- **देवेन्द्र कुमार सिंह (मुख्य प्रभारी), 62वीं संगीत प्रतियोगिता 100 अशोक नगर, इलाहाबाद-211001 (उ0प्र0), मो0- 9455685196, 6306491876**
- **प्रदीप कुमार (रजिस्ट्रार/प्रभारी), 62वीं संगीत प्रतियोगिता, प्रयाग संगीत समिति, 12-सी, कमला नेहरू रोड, इलाहाबाद - 211001 मो0- 09455685196 (अथवा)**

(15) प्रवेश-फार्म **15 मार्च 2024** तक प्रवेश शुल्क के साथ अवश्य जमा हो जाना चाहिए।

(16) विशेष परिस्थिति मे प्रतियोगिता के नियमों, तिथि एवं समय में किसी भी क्षण परिवर्तन किया जा सकता है।

(17) किसी भी दशा में प्रवेश शुल्क वापस न होगा।

(18) प्रवेश फार्म पर वर्ग, विषय तथा जन्म तिथि सही-सही लिखें। इसकी जिम्मेदारी अभिभावक की होगी।

(19) प्रयाग संगीत समिति के कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग नही ले सकते।

(20) बाहर के प्रतियोगी फार्म रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/कोरियर से भेजें।

(21) (अ) मुझे निर्णायकों का निर्णय बिना किसी शर्त के मान्य होगा।

(ब) मैं प्रमाणित करता हूँ कि प्रवेश फार्म मे सभी विवरण सही है।

**हस्ताक्षर प्रतियोगी** **अभिभावक/शिक्षक के हस्ताक्षर**

........................ ........................

दिनांक.........................